


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 314 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 30 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

## लूटेरे बदमाश को 5 साल की सजा, 10 हजार रूपए जुर्माना

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सीजेएम मंदसौर श्री प्रवीण कुमार सौंधिया द्वारा लूट के आरोपी अरबाज पिता



साबिर खान उम्र 25 वर्ष निवासी हाल मुकाम नाहर सैयद के पास को मुनीम से लूट करने के आरोप का दोषी पाकर पांच साल की कठोर सजा एवं 10 हजार रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि फरियादी बिरेन्द्र जो कमलेश कुमार रूपचंद पिपलिया मंडी की फर्म में करीब 25 साल से मुनीम का काम करता था। उसे चेक देकर नगद पेमेंट लाने के लिये आईसीआईसीआई बैंक भेजते रहते है। 03 नंवबर 2023 को दोपहर 02:45 बजे बेग लेकर जिसमें 03 लाख 90 हजार रूपये रखे हुए थे, वह आईसीआईसीआई बैंक गया, वह साथ में 4 चेक भी लेकर गया था। केशियर को चेक देकर 04 चेकों की कुल रकम 35 लाख रूपये प्राप्त कर बैंक से करीब 03 से 03:15 बजे के बीच बाहर आया। वह होण्डा एक्टिवा को स्टार्ट करने लगा। उसी समय पीछे से एक सफेद रंग की बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल पर दो लड़के आकर उसकी गर्दन पर डंडे से मारकर 38 लाख 90 हजार रूपये से भरा बैग लूटकर छिनकर गुडभेली की तरफ भाग गये।

फरियादी द्वारा लूट के संबंध में थाना पिपलियामंडी पर अपराध लेखबद्ध कराया, जिसके बाद प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान उपनिरीक्षक अभिषेक बोरासी द्वारा 03 नंवबर 2023 को ग्राम तुरकिया के पास बालाजी मंदिर के सामने खाल से 36 लाख रूपये व टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल जप्त कर घटना स्थल का नक्शा मौका बनाया। 04 नवंबर 2023 को आरोपी अरबाज को गिरफ्तार कर अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री संजय वसुनिया एवं श्री बिहारी बघेल द्वारा किया गया।

# रोजगार मेला बन रहा छलावा

## कम तनख्वाह पर बाहर काम करना मुश्किल

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। एक दिन पहले रोजगार मेले में 14 कंपनियों ने 356 युवाओं को नौकरी के लिए ऑफर लेटर दिए। रोजगार मेले के नाम पर रोजगार दिए जाने का दावा तो किया जा रहा है। लेकिन, हकीकत कुछ और है। पांच फिसदी मजबूरी के मारे युवा ही इसका लाभ ले पा रहे हैं। इसमें अरुचि का कारण है कम तनख्वाह में बाहर रहकर काम करना। दस से पद्रह हजार में बाहर रहकर काम करना मुश्किल होता है। यहीं कारण है कि अधिकांश युवा नौकरी मिलने के बाद भी छोड़कर आ रहे हैं।**

शिक्षा पूरी करने के बाद रोजगार पाने के लिए मजबूरन युवाओं को बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। हालात यह हैं कि जिले में 54 हजार से ज्यादा शिक्षित और सात सौ से ज्यादा अशिक्षित रजिस्टर्ड बेरोजगार है। यही नहीं शासन भले लाखों के बजट से रोजगार मेले व कैंपस आयोजित करता है, लेकिन परिणाम कुछ निकल कर नहीं आता। रोजगार कार्यालय में 2018-19 में 2010 में से 1804, वर्ष 2019-20 में 0 में से 0, 2020-21 में 3589 में से 2091, 2021-22 में 3405 में से 1641 और 2022-23 में 3562 में से 2914 आवेदकों को ऑफर लेटर प्राप्त हुए। काम करने वाले इसमें से सिर्फ 5 फीसदी है। इसके पीछे मुख्य कारण कम सैलरी में बाहर रुचि नहीं रखना चाहते।

### आश्वासन देने व घोषणा करने में माहिर जनप्रतिनिधि...

शासन उद्योग बढ़ाने व रोजगार देने का दावा करता है। जिले में औद्योगिक क्षेत्र की बदहाली का अंदाजा इससे लगाया जा सकता हैं। कुछ समय पूर्व औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाने हेतु उद्योगपत्तियों ने वोल्वो बस से तत्कालीन विधायक यशपालसिंह सिसौदिया के निवास पहुंचकर परेशानियों से अवगत कराया था। उद्योगपतियों का कहना है शासन व प्रशासन आश्वासन व घोषणा करने में माहिर है। औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसके अलावा मंत्री से लेकर अधिकारियों तक को समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन, धरातल पर कोई काम नहीं किया गया।

### माल लादने या उतारने ट्रक वाले भी नहीं आते...

उद्योगपतियों के अनुसार समय के साथ रजिस्ट्रेशन कराने वाले करीब 50 से अधिक फीसदी उद्योग बंद हो चुके है या बंद होने के कगार पर हैं। ऐसे हालात में नए उद्योग खोलने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पाता। सरकार की नीतियां प्रतिकूल होने से उद्योगपतियों को नुकसान हैं। जिले में औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग तो है। लेकिन, सुविधाएं शून्य है। पानी की व्यवस्था नहीं है, वैकल्पिक व्यवस्था में खर्च अधिक हैं। ड्रेनेज सिस्टम नहीं है। बारिश का पानी उद्योगों में प्रवेश करता है। जब उद्योगों की हालत ठीक नहीं है तो वहां मजदूरी करने वालों की स्थिति कैसे ठीक रहेगी।




### दावा कुछ, हकीकत कुछ और...

उद्योग विभाग का दावा है कि 2022-23 में जिले में 5 लाख से अधिक निवेश वाली 114 इकाइयां स्थापित की जाकर इनमें 63.25 करोड़ का निवेश किया। 1841 लोगों को रोजगार प्रदान किया। हालात ठीक इसके विपरीत हैं। ग्राउंड पर उद्योगपतियों का कहना हैं 20 सालों में 50 फीसदी से अधिक उद्योग बंद हो गए या होने की कगार पर हैं। इसके पीछे मुख्य कारण दावों के बीच औद्योगिक क्षेत्र के मूलभूत सुविधाओं को तरसना है। जल निकासी जैसी मूलभूत व्यवस्था ही यहां नहीं है। पानी और अन्य असुविधाएं क्षेत्र के विकास में रोडा बन रही है। इससे कोई नए उद्योग स्थापित करना नहीं चाहता, बल्कि बंद हो रहे उद्योगों को कोई खरीदना तक नहीं चाहता। उद्योगों के इन हालातों से 5 हजार से अधिक मजदूर बेरोजगार हो गए। इसके अलावा जिले में स्लेट पेंसिल की खदानों के हालात ठीक नहीं है।

# कप्तान ने ली पहली क्राईम मीटिंग

## अंतरराज्यीय और अंतर जिला सीमाओ की जानकारी ली, पेंडिंग अपराध और फरार आरोपियो की तलाश मेंतेजी लाने के निर्देश

### थाना एवं चौकी प्रभारियों से परिचयात्मक चर्चा भी की



**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने गुरुवार को कंट्रोल रूम पर क्राईम मीटिंग ली। करीब 7 घंटे चली इस मैराथन बैठक में कप्तान ने सभी थाना प्रभारियो एवं चौकी प्रभारियो से परिचयात्मक चर्चा कर थानो के पेंडिंग अपराधो के निकाल और फरार आरोपियो की तलाश को लेकर बात की। उन्होंने जिले के अंतरराज्यीय सीमाओ के थाने, अंतर जिला थानो की जानकारी भी ली और वहां कानून व्यवस्था की स्थिति को समझा। सांप्रदायिक तनाव यदि पहले कभी हुआ है तो उसकी भी जानकारी बारीकी से ली। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि पुलिस कप्तान ने अपने जिले के साथ मातहतो की स्थिति को भी समझा।

मंदसौर में पुलिस मुखिया का कार्यभार संभालने के बाद पुलिस कप्तान श्री आनंद ने पहली बार अपने मातहत राजपत्रित अधिकारियो, निरीक्षको एवं चौकी प्रभारियो की बैठक ली। क्राईम बैठक में लंबित अपराधो के निकाल करने, फरार आरोपियो की तलाश तेज करने, बदमाशो की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित करवाने के निर्देश दिए। न्यायालय संबंधित यदि कोई समस्या है तो वह बताए, जिससे निराकरण कराया जा सके। प्रशासनिक अधिकारियो से कोई मामला हो तो समन्वय के लिए प्रयास किए जाएं। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाए। बदमाशो को चिन्हित करें। वारंटियो को पकड़कर तामिल कराएं। मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही भी लगातार जारी रहे। इस संबंध में निर्देश दिए गए। चौकी एवं थाना क्षेत्र में होने वाली गतिविधियो जैसे जुआ, सट्टा, अवैध/जहरीली शराब, मादक पदार्थ तस्करी, गौवंश तस्करो के विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कार्यवाही की जाए। आगामी त्यौहारो को देखते हुए थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाशो, आपराधिक तत्वो पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वित्तीय जांच केतहत मादक पदार्थ तस्करी के आरोपियो की करोड़ो की अवैध संपत्ति को अटैच करने में भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारी वायडी नगर, नारायणगढ़, मल्हारगढ़, पिपलिया मंडी, नई आबादी एवं सीतामऊ को पुरस्कृत किया गया।





# मीडिया के साथ मेडिकल कालेज पहुंचे सांसद गुप्ता, किया निरीक्षण

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता गुरूवार को मीडिया के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने मीडियाकर्मियो के साथ नवनिर्मित कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, राधेश्याम पाटीदार और देवीलाल धाकड, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार सहित भाजपाजन भी उपस्थित थे।

सांसद ने सभी के साथ पूरे मेडीकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। कॉलेज परिसर की जानकारी डीन श्रीमती शशी गांधी ने दी। इसके बाद एक सेमीनार का भी आयोजन हुआ जिसमें पूरे कॉलेज परिसर की जानकारी दी गई। नवनिर्मित मेडीकल कॉलेज परिसर अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस है। सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि रतलाम जिले में मेडीकल कॉलेज आने के बाद मंदसौर और नीमच जिले में इसकी परिकल्पना करना भी कठिन हो गया था। लेकिन, जब से जनप्रतिनिधि बना, तब से मन में क्षेत्र के लिए कुछ बड़ा और अच्छा करने की ठान रखी थी। मंदसौर में मेडीकल कॉलेज स्वीकृत हो इसके लिए सभी प्रयासरत थे। बहुत सारी अड़चने भी आई, लेकिन इसे पार किया और मंदसौर व नीमच दोनों जिले में इसकी स्वीकृति मिली।

उन्होंने कहा अभी फिलहाल 50 सीटों को मान्यता मिली है जिस पर एडिमशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है ओर एक एडमिशन हो भी गया है। यहां की क्षमता 150 सीटों की है, हमने इसी सत्र में 100 सीटों की मान्यता मिलें इसके लिए प्रयास शुरु कर दिये है। डीन श्रीमती गांधी द्वारा इसकी सभी प्रक्रियाएं पूरी भी कर दी गई है। श्री गुप्ता ने बताया कि मंदसौर मेडीकल कॉलेज एक ऐसा कॉलेज है, जिसकी जिला अस्पताल से दूरी मात्र 10 किमी के अंदर है। जिससे मरीजों को तुरंत उपचार मिलनें में सुविधा होगी।

## मौसम का हाल बेहाल...

### सुबह बादल- बारिश, दोपहर में तेज धूप

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को सुबह बादल छाए रहे। इसके बाद पांच-सात मिनट तक बारिश भी हुई। दोपहर में तेज धूप निकली। जिससे गर्मी का असर बढ गया। शाम होते-होते धूप के साथ ही कुछ स्थानो पर क्षणिक बारिश देखी गई। मौसम जानकारों के अनुसार दो दिन और बारिश का अनुमान नहीं है। सितंबर की शुरुआत में फिर बारिश होने की संभावना है।

जिले में अब तक औसत 27.56 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 10 इंच से ज्यादा अधिक है। गांधी सागर बांध का जलस्तर भी बढ़ रहा है। अच्छी बारिश हुई तो सितंबर के पहले सप्ताह में बांध के गेट खुल सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल मानसून ट्रफ समेत अन्य सिस्टम प्रदेश से दूर हैं। इस वजह से अगले 24 घंटे में प्रदेश में बारिश की खास एक्टिविटी नहीं रहेगी। कुछ जगहों पर हल्की बारिश जरूर हो सकती है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह के मुताबिक 29 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हो रहा है। लो प्रेशर एरिया भी 29-30 अगस्त से एक्टिव हो जाएगा। इसका प्रभाव 2 दिन बाद देखने को मिलेगा। 3 से 4 सितंबर तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है। जिले में गुरुवार सुबह तक ओवरऑल 27.56 इंच (700.2 मिमि) औसत बारिश दर्ज की गई है। जबकि, चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1304.37 फीट पहुंच गया है। बांध अधिकरियों के मुताबिक 1306 फीट तक इसे मेंटेन रखना है।

# नीमच पुलिस की प्रायवेट कार को ट्रेलर ने मारी टक्कर

## पुलिस अधिकारी-कर्मचारी बाल-बाल बचे, कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**नीमच, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। एक प्रकरण में तफ्तीश के लिए समीपस्थ राजस्थान गई पुलिस टीम की निजी कार को रांग साईड आ रहे एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार सवार नीमच पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों की जान बाल-बाल बची है। जबकि, कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।**

मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के निम्बाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ फोर लाइन पर स्थित ग्राम रावलिया में एक रांग साइड आ रहे ट्रेलर ने अर्टिगा वाहन क्रं. एमपी 44 जेडए 2747 को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें नीमच पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी सवार थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार कार में मौजूद नीमच पुलिस के उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, एएसआई शिवराज सिंह, आरक्षक प्रहलाद गुर्जर थाना नीमच कैंट और प्राइवेट ड्राइवर सूरजमल मीना आदि सवार थे। यह सभी कार सवार सुरक्षित है। बता दें कि पुलिस टीम आरक्षक राजाराम जाट की हत्या और एनडीपीएस एक्ट के आरोपियो की तफ्तीश के लिए राजस्थान गई थी।

# जुए की फड़ पर पुलिस का धावा

## हारजीत का दांव लगाते 11 आरोपी धराये, 55 हजार से ज्यादा नगदी मिली



**मनासा, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के के ग्राम मालाहेड़ा में चल रही जुए की फड़ पर धावा बोला तो मौके से 11 आरोपी पकड़ाए। यह सभी हारजीत का दांव लगा रहे थे। आरोपियो के कब्जे से 55 हजार 400 रूपए नगद मिले है। आरोपियो की बाईक भी पुलिस ने जप्ती में ली है।

मनासा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर अभियान चलाया गया था। मुखबीर सूचना पर ग्राम मालाहेड़ा में घेराबंदी की गई। जहां हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे आरोपी भरत पिता श्रीराम आगर जाति माहेश्वरी उम्र 45 साल निवासी गांधी चौक मनासा, प्रहलाद पिता रामेवर प्रजापत उम्र 35 साल निवासी राम मोहल्ला मनासा, जाकीर हुसैन पिता चांद मोहम्मद उम्र 56 साल निवासी मनासा, नागेश पिता देवीलाल खाती उम्र 44 साल निवासी मालवीय मोहल्ला कुकडेश्वर, आरोपी मुनव्वर पिता मोहम्मद सिद्दिक जाति पठान उम्र 40 साल निवासी खड्डा शेर गली मनासा, रवि पिता रमेशनाथ जाति नाथ योगी उम्र 32 साल निवासी मस्जिद वाली गली रामपुरा नाका मनासा, जयसिंह पिता किशनलाल रावत उम्र 35 साल निवासी कौली, सलीम मेवाती पिता नन्हे खाँ मेव उम्र 50 साल निवासी बार्ड न. 03 मस्जिद वाली गली मनासा, लाला उर्फ प्रेमचंद्र मेघवाल उम्र 35 साल निवासी खड्डा शेर गली मनासा, आशीष पिता रामचंद्र महाजन उम्र 44 साल निवासी अक्षत नगर के सामने मुगड कॉलोनी मनासा, मोहम्मद उमर पिता चांद मोहम्मद उम्र 55 साल निवासी खारीकुआ नीमच को पकड़ा। आरोपियो के कब्जे से 55 हजार 400 रूपए नगद व जुआ सामग्री जप्त की।

मामले में आरोपी रंहीद पिता हुसैन कुंजड़ा निवासी धोबी गली मनासा, कृष्णगोपाल जटिया निवासी अम्बेडकर कॉलोनी मनासा, सलीम कुरैशी निवासी स्कीम नं. 09 नीमच, तपन खाती निवासी मालवीय मोहल्ला कुकडेश्वर, भूरा रावत निवासी भील गली मनासा मौके से फरार हो गये। थाना मनासा पर उक्त आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपियो की सात बाईक भी जप्त की है।

### लंबे समय से मिल रही थी सूचना, आसपास के जुआरी लगाने आते थे दांव...

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मालाहेड़ा में काफी दिनो से जुए की फड़ चलाए जाने की खबरे मिल रही थी। पुलिस पुख्ता जानकारी के इंतजार में थी। जैसे ही मुखबीर से सूचना मिली, पुलिस ने मालाहेड़ा के तीनो जुआघर पर दबिश दे डाली। बताया गया है कि नीमच, कुकड़ेश्वर, मनासा सहित आसपास के ग्रामीण इलाको से भी जुआरी दांव लगाने मालाहेड़ा जाते थे।

# मंदसौर सहित प्रदेश में 341 शिक्षकों की नियुक्ति होगी निरस्त

## स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश, कहा- एक सप्ताह में निरस्त करें




**भोपाल, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित प्रदेश के 23 जिलों में बीएड की योग्यता के आधार पर प्राथमिक शिक्षक बनने वाले 341 शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त की जाएगी। नियुक्तियां निरस्त करने का यह आदेश 11 अगस्त 2023 और उसके बाद नियुक्त किए गए शिक्षकों के मामले में प्रभावी होगा। स्कूल शिक्षा विभाग संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा है कि बीएड की योग्यता के आधार पर नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त कर एक हफ्ते में इसकी जानकारी शासन को भेजी जाए। इसके लिए फॉर्मेट भी जारी किया है कि किस तरह से प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त ऐसे शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त की जाना है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर किसी उम्मीदवार की योग्यता बीएड है, और गलती से रिकॉर्ड में डीएड लिखा है तो ऐसे शिक्षक की भी नियुक्ति निरस्त की जाएगी। ऐसे शिक्षकों की संख्या 341 बताई है, और इसकी सूची भी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजी है।

### यह है सुप्रीम कोर्ट का फैसला...

सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को जारी आदेश में एनसीटीई की 28 जून 2018 की अधिसूचना को निरस्त कर दिया है। इसके आधार पर बीएड योग्यता धारी उम्मीदवार प्राथमिक शिक्षक के लिए पात्र नहीं होंगे। बीएड योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों को प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में शामिल नहीं करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका डब्ल्यूपी 13768-2022 लगाई गई थी। इसके साथ ही हाईकोर्ट जबलपुर ने ऐसे ही मामलों में दायर याचिका में 3 मई 2024 को जारी आदेश में कहा है कि 11 अगस्त 2023 के पूर्व नियुक्त बीएड योग्यता धारक उम्मीदवार को ही योग्यता को मान्य किया जाएगा। इसके बाद 11 अगस्त 2023 या उसके बाद नियुक्त बीएड योग्यता वाले प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति मान्य नहीं की जाएगी।

### इन जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश...

जिन जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को बीएड की योग्यता के आधार पर प्राथमिक शिक्षक पद से बर्खास्त करने के लिए कहा है, उन जिलों में आगर मालवा, अलीराजपुर, अशोकनगर, छतरपुर, दमोह, डिंडौरी, गुना, कटनी, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर, शामिल हैं। इसके अलावा नीमच, निवाड़ी, पन्ना, रायसेन, रतलाम, सागर, श्योपुर, शिवपुरी, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उज्जैन और विदिशा के जिला शिक्षा अधिकारियों को भी उनके जिलों में बीएड की योग्यता के आधार पर प्राथमिक शिक्षक बनने वालों की नियुक्त निरस्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।




# सीए की मंदसौर शाखा का स्वयं का होगा भवन, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की 10 करोड़ रू की घोषणा

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** सीए शाखा मंदसौर को नई सौगात मिलने जा रही है। मंदसौर प्रवास पर आये सनदी लेखाकार संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए रणजीत कुमार अग्रवाल ने मंदसौर सीए ब्रांच के भवन हेतु 10 करोड़ रू. देने की घोषणा की। निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने के पश्चात् संस्थान द्वारा यह राशि मंदसौर ब्रांच के भवन हेतु उपलब्ध कराई जाएगी जिसके पश्चात् सीए स्टूडेंटस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स हेतु मंदसौर में स्वयं का भवन का सपना जल्द ही साकार होगा।

मंदसौर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अग्रवाल के करकमलों से मध्यभारत क्षेत्रीय परिषद की मंदसौर शाखा के सितम्बर माह का ई-न्यूज लेटर का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि मेगजीन किये गये कार्यों र्का आईना होती है। मंदसौर शाखा लगातार अच्छा कार्य कर रही है। यह जानकारी देते हुए सीए की मंदसौर शाखा चेयरमेन सीए दिनेश जैन ने बताया कि मंदसौर शाखा सीए विद्यार्थियों की सुविधा हेतु कृत संकल्पित है, नवीन भवन कई प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित होगा। शाखा द्वारा विगत माहों में विभिन्न सेमिनार एवं कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा मुकाम हासिल किया है जिसका लाभ मंदसौर शाखा को मिलने जा रहा है। आपने बताया कि मंदसौर ब्रांच हर माह नियमित रूप से ई-न्यूज लेटर भी निकाल रही है। जिसका संपादन सीए जमीला लोखण्डवाला व सीए प्राज्वी जैन कर रही है। मध्यभारत क्षेत्रीय परिषद के चेयरमेन सीए आकाश बड़गोती ने कहा कि ई न्यूज में प्रकाशित आर्टीकल से ज्ञान वृद्धि होगी तथा कानून में हो रहे संशोधन की जानकारी भी प्राप्त होगी। आपने कहा कि मंदसौर शाखा अपनी वेबसाईट पर भी सभी जानकारियां अपलोड करे। आपने बताया कि ए.आई. पर सीए संस्थान बहुत कार्य कर रहा है। आपने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत कुमार अग्रवाल ने एसएसपी पोर्टल इजाद किया, जिसके कारण पेपरलेस कार्य हो रहा है। आपने सभी छात्रों एवं सीए से तकनीक ज्ञान में अपडेट रहने की गुजारिश की। इस अवसर पर सेंट्रल कोंसील सदस्य सीए अनुज गोयल, सीए अभय छाजेड, सीए शरद जैन, सीए किशोर बरड़िया, सीए अतिशय खासगीवाला, सीए कीर्ति जोशी, सीए अंकित सोमानी, सीए आनंद जैन, सीए मुकेश कुशवाह, सीए विकास भंडारी, सीए राजेश मण्डवारिया, सीए विनय अग्रवाल, सीए नयन जैन, सीए अर्पित नागदा, सीए अंकित श्रीमाल, सीए अर्पित नागर, सीए सुशील जैसवानी, सीए राजेश जैन, सीए नितेश भदादा, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सीए जमिला लोखण्डवाला आदि उपस्थित थे।

# स्वर्णकार समाज जनकूपुरा पंचायत मंदसौर का सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवम्बर को, समिति का गठन

## अजय सोनी कॉलोनाईजर संरक्षक एवं विजय सोनी मेलखेड़ा वाला अध्यक्ष बने

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जनकूपुरा पंचायत मंदसौर का 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन-2024 का आयोजन आगामी देवउठनी ग्यारस 12 नवम्बर 2024, मंगवार को मंदसौर में आयोजित होगा। इस सम्मेलन हेतु समाज द्वारा सामूहिक विवाह समिति का गठन किया गया। जिसमें समिति संरक्षक के रूप में म.प्र. स्वर्णकला बोर्ड सदस्य एवं समाज जिलाध्यक्ष अजय सोनी कॉलोनाईजर व अध्यक्ष के रूप में विजय सोनी मेलखेड़ा वाला को मनोनीत किया गया।




सामूहिक विवाह समिति में उपाध्यक्ष भवानीशंकर सोनी (मिड इंडिया), रामचन्द्र सोनी (धुंधड़का वाला), कोषाध्यक्ष मनोहरलाल सोनी (जावद वाला), सचिव जगदीश सोनी (अठाना वाला), सहसचिव जितेन्द्र सोनी (धुंधडका वाला), उप कोषाध्यक्ष कारूलाल सोनी (टायर वाला), मंत्री कमलेश सोनी (लाला) व हरिश सोनी को बनाया गया। साथ ही समिति के परामर्शदाता शिवनारायण सोनी जावद वाला, ओमप्रकाशजी सोनी (पीडब्ल्यूडी), बाबुलाल सोनी अठाना वाला, रामलाल एकलिंगजी सोनी, संगठन मंत्री ओमप्रकाश सोनी स्वास्तिक ज्वैलर्स, राजेन्द्र सोनी रामपुरा वाला, जगदीश सोनी (पीडब्ल यूडी), प्रहलाद सोनी (एमपीईबी), मनीष सोनी बांसवाड़ा वाला, प्रचार मंत्री अमृत सोनी संजीत, डॉ. कैलाश सोनी, सत्यनारायण सोनी सोनी आर्टर्स, अजय सोनी जोधपुर ज्वैलर्स, स्वागताध्यक्ष मनीष सोनी श्री ज्वैलर्स, प्रकाश सोनी जीरन वाला, जितेन्द्र सोनी जयपुर वाला, जय कृष्णाबाई सोनी, दिनेश सोनी (डी.डी.) होंगे। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दिलीप सोनी नारायणगढ़ वाला, संजय वर्मा, घनश्याम सोनी, पुखराज सोनी, गिरीश कडेल, अशोक सोनी (पीडब्ल्यूडी), डॉ. जीवन सोनी, बाबुलाल सोनी, गोपाल सोनी, प्रदीप सोनी, कैलाश सोनी, विशाल सोनी (पीओ), गोपाल सोनी नयाखेड़ा कुशाल सोनी, उमाशंकर सोनी, प्रमोद सोनी, सत्यनारायण सोनी (किल्लु), ओमप्रकाश सोनी दिवाक माता, वैभव रमेश सोनी, संजय बापुलाल सोनी, मोहनलाल सोनी नारायणगढ़ वाला, विजय सोनी (बन्टी) को लिया गया है। समिति संरक्षक अजय सोनी म.प्र. स्वर्णकला बोर्ड सदस्य, समाज जिलाध्यक्ष एवं विजय सोनी मेलखेड़ा वाला अध्यक्ष ने बताया कि इस सम्मेलन में 21 जोड़ों सामूहिक विवाह होगा। जिसमें कन्याओं पक्ष से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा एवं वर पक्ष से 25 हजार रू. लिये जायेंगे। इस विवाह हेतु तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। समिति द्वारा स्वर्णकार समाज लोगों से अपील की है कि इस सम्मेलन में अधिक से अधिक जोड़ों के विवाह हेतु पंजीयन करावे।

# सभी पंचायतों को मृत मवेशियों को गढ्डा कर गाड़ने हेतु निर्देशित करें

**मनासा, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 228 की सभी ग्राम पंचायत में मृत पशुओं को सड़क किनारें फेंकना बंद करें और मत पशुओं को सभी ग्राम पंचायतें गड्ढा खोदकर मृत पशुओं को गाड़ने के लिये सभी पंचायतों को अनुविभागीय अधिकारी निर्देशित करें।



उक्त जानकारी देते हुए भाजपा नेता एवं होटल हलवाई संघ मनासा के अध्यक्ष एवं नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने बताया है कि बहुत ही लंबे समय से मनासा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 228 की ग्राम पंचायतों में मृत पशुओं को गांव से बाहर सडक किनारें पर फेंक दिया जाता है जिसके की आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पडता है और तो और आवारा कुत्ते उन्हें खींचकर मुख्य सडक पर लें आते हैं जिसके की ग्राम पंचायतों की सीमाओं के बाहर मुख्य मार्गों पर भयंकर गंदगी एवं प्रदूषण फेल रहा हैराठौर इस गंभीर मामले को लेकर आज दिनांक 29/08/2024 को एक आवेदन पत्र मनासा अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजस्व विभाग उपखण्ड मनासा को दिया है जिसमें राठौर ने बताया है की मनासा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 228 की सभी ग्राम पंचायतों में मृत पशुओं को गड्ढा खोदकर गाड़ने हेतु सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं ग्राम पंचायतों के सचिवों को तत्काल निर्देशित करें और मृत पशुओं को गांव के बाहर सडकों के किनारें फेंकना बंद अगर इसके बाद भी कोई व्यक्ति द्वारा मृत पशुओं गांव के सड़क किनारे पर फेंकता है तो शासन एवं प्रशासन उस व्यक्ति के उप्रर वैधानिक कारवाई की जाए राठौर ने मनासा अनुविभागीय अधिकारी आवदेन देते हुवे बताया है की इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो और ग्राम पंचायतों को तत्काल निर्देशित करें की गांव में मृत पशुओं को गड्ढा खोदकर गाड़ने हेतु तत्काल प्रभाव से निर्देशित करें

# भारत स्काउट गाइड जिला संघ द्वारा सेवानिवृत्त और कार्यरत शिक्षकों का होगा सम्मान

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संघ की आवश्यक बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंदसौर जिले की प्रभारी दीपिका बैरागी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त अंशुल भाई बैरागी ने की, विशेष रूप से मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष जिले की उपाध्यक्ष डॉ विजय राठौड, उपाध्यक्ष एडवोकेट राहुल माली एवं मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ आशीष खिमेसरा, जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र दबी उपस्थित रहे।



बैठक में निर्णय लिया कि सेवानिवृत शिक्षकों के साथ ही स्काउट गाइड में सेवाएं दे रहे वरिष्ठ शिक्षकों एवं बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, कब मास्टर जिन्होंने स्मार्ट इंटरनेशनल स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त किया था उनके प्रमाण पत्र भोपाल से प्राप्त हुए हैं इनका सम्मान भी किया जाएगा और प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ शिक्षकों एवं स्काउट गाइड में प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके हेतु विस्तृत रूप रेखा तैयार की गई एवं विभिन्न समितियां का गठन किया गया।

**बैठक में यह रहे उपस्थित-** विकास खण्ड स्काउट प्रभारी राजेश कुमार पण्डया, हरीश नामदेव, गिरधारी लाल भावसार, कमल कुमार राठौड, सुखदेव बोरीवाल, मनोहरलाल शर्मा, विनोद जोशी, मोहनलाल सिन्धी, नन्द किशोर शर्मा, मीना चौधरी, महेश कुमावत, देवीलाल शर्मा, रामलाल प्रजापत, रोशन बाबू नीलगर, आशा अग्रवाल, पीटर भूरिया, किशोर दास बैरागी, रामनारायण बैरवा, इफ्तार खान, गोवर्धनलाल पाटीदार, कल्पना शर्मा, प्रतिभा भटनागर, आशीष गौतम, नीलम लौहार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज दिनांक 29अगस्त 2024 को शासकीय प्राथमिक विद्यालय, नालछा, जिला- मन्दसौर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर छात्र-छात्राओं की लांगडी दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे मालती माली, मुस्कान, साधना माली, नितेष नायक, प्रेम नायक, नागेश माली एवं रेखा को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द को याद करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कुमार ने खेलों एवं व्यायाम को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए उपस्थित छात्र-छात्राओं से आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाध्यपक प्रमोद सरूडिया ने बताया कि खेलों से हम मानसिक एवं शारीरिक दोनो तरह से स्वस्थ रह सकते हैं। सरूडिया ने फिट इंडिया के तहत स्वस्थ रहने के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अन्त में सभी ने फिट इंडिया की शपथ ली।

# मंडी गेट के पीछे लग रहा जाम, परेशान किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**पिपलियामंडी, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी के पीछे दरवाजे से बाइक से लहसुन लेकर आ रहे किसानों की भीड से रास्ता बंद होने से परेशान क्षेत्र के किसानों ने मंडी सचिव के नाम ज्ञापन मंडी इंस्पेक्टर कमलेश जैन को सौंपा व समस्या के निराकरण की मांग की। जिसमें बताया कि कृषि मंडी के पीछे बाइक पर लहसुन लेकर आने वाले किसान सुबह से ही आ जाते है, सैकडों की संख्या में बाइक आने से रास्ता बंद हो जाता है और जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी रास्ते से होकर किसान भी जाते है, जिनकी खेती कृषि उपज मंडी के पीछे ही है। रास्ता बंद होने से किसान अपने खेत पर नही जा पाते है। एसे में लहसुन किसानों के साथ उनकी विवाद की स्थिति भी बन जाती है। खेत जाने वाले महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। बाइक से लहसुन लेकर आने वाले किसानों पीछे गेट से जाने की व्यवस्था में सुधार किया जाए, अन्यथा किसानों को मंडी कार्यालय के बाहर आंदोलन के लिए मजबूर होना पडेगा। इस अवसर पर भूपेन्द्र महावर, महेश जादव, सुनील महावर, गोपाल धनोतिया, अमृतराम धनोतिया, जगदीश देवडा, दिलीप माली, मोहित माली, ऋतिक माली, अशोक माली, लक्ष्मीनारायण उनियारा आदि किसान उपस्थित थे।

# चिकित्सा संस्थाओं में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाए-श्रीमती राणा

**नीमच, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यं सचिव श्रीमती वीरा राणा की अध्यक्षता में गुरूवार को स्वास्थ्य संस्थाओं में सुरक्षा व्यवस्था, राजस्व महा अभियान की प्रगति, अमृत 2.0, जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति, निराश्रित मवेशियों को सडकों पर से हटाने के अभियान की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। नीमच के एनआईसी कक्ष में इस वीडियों कांफ्रेंसिंग में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसपी श्री अंकित जायसवाल, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इस वीडियों कांफ्रेंसिंग में बताया गया, कि राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत अब तक एक करोड 10 लाख 72 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। मुख्य सचिव श्रीमती राणा ने लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश जिलों को दिए है। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यो को तेजी से पूरा करवाने और जल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन का कार्य भी प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। वी.सी. में अमृत 2 योजना के तहत सभी स्वीकृत जल संरचनाओं के निर्माण कार्य मार्च तक पूर्ण करवाने के निर्देश भी संबंधित नगरीय निकायों को दिए गये। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीसी में सभी जिलो को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य संस्थाओं में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाए। चिकित्सकों, मरीजों और मरीजों के सहयोगियों की सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित हो। चिकित्सा संस्था ओं का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त हो और मुख्य सुरक्षा अधिकारी की सम्पूर्ण चिकित्सां संस्था की सुरक्षा के लिए जवाबदेही निर्धारित की जाए।

✻✻✻ सफलता की कहानी ✻✻✻

# किसान रघुवीर ने खेती को बनाया लाभ का धंधा

**नीमच, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** नीमच जिला मुख्या लय के समीपस्थ ग्राम आमलीखेडा के किसान रघुवीर सिह पिता प्यारसिह ने स्प्रिंकलर से सिंचाई कर, एक हेक्टेयर में लहसुन के उत्पादन से, 10 लाख रूपये का मुनाफा कमाकर, खेती को लाभ का धन्धा बना दिया है। रघुवीर सिह पिता प्यारसिह को स्प्रिंकर, सिंचाई से पानी की बचत भी हुई है। नीमच जिले के ग्राम आमलीखेडा के किसान रघुवीर सिह हमेशा से पारम्परिक खेती जैसे गेहूं, चना आदि फसलों की खेती करते थे, जो घाटे का सौदा साबित हो रही थी। अब उनका खेती को लाभ का धंधा बनाने का प्रयास सफल रहा है। किसान रघुवीरसिह ने उन्नत तरीके अपनाकर खेती को लाभ का सौदा बनाने की ठानी और वर्ष 2022-23 में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर, उन्होने उद्यानिकी विभाग की पर ड्रोप मोर क्रॉप योजनान्तर्गत मिनी स्प्रिंकलर के लिए आवेदन किया और 51 हजार रूपये का अनुदान प्राप्त कर एक हेक्टेयर में स्प्रिंकलर संयंत्र स्थापित किया। स्प्रींकलर का एक हेक्टेयर भूमि में लहसुन फसल के लिए उपयोग कर पानी की बचत एवं सिंचाई में लगने वाले मजदूर तथा लहसुन फसल में किट की भी रोकथाम हुई। लहसुन अच्छी क्वालिटी एवं बडे आकार का होकर अधिक मात्रा में उत्पादित हुआ। एक हेक्टेयर में लहसुन फसल के लिए 3 लाख की लागत आई। उत्पादित लगभग 130 क्विंटल लहसुन नीमच मण्डी में 10 से 15 हजार रूपये क्विंटल के भाव से विक्रय कर कुल आमदनी 13 लाख रूपये प्राप्त हुई। लागत निकाल कर शुद्ध मुनाफा 10 लाख रूपये का हुआ। किसान रघुवीरसिह अन्य कृषकों को भी उन्नत तरीके से खेती करने एवं ड्रिप स्प्रिंकलर संयत्र स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित कर रहे है। किसान रघुवीर सिह ने स्प्रींकलर सिंचाई पद्धति से सिंचाई कर, कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किए और खेती को लाभ का धंधा बना लिया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभागब मध्यप्रदेश शासनब भोपाल के निर्देशानुसार के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंसब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयब मंदसौर के इको क्लब एवं वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2024 को एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेश जी चंदवानी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ- डी-सी- गुप्ता ने महाविद्यालय परिवार की ओर से आमंत्रित अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया एवं कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माननीय श्री चंदवानी जी ने कहा कि एक पेड मां के नाम अभियान मन को छूने वाली एवं भावुक कर देने वाली पहल है। सभी विद्यार्थियों को अपने स्तर पर वृक्षारोपण अनिवार्यत% करना चाहिए एवं इसे एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लेना चाहिए। आपने वृक्षारोपण अभियान में देशी प्रजातियों के वृक्ष लगाने पर जोर दिया। आपने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि महाविद्यालय में अध्ययन।अध्यापन के साथ।साथ उनके सर्वांगीण विकास हेतु बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ- अनिल कुमार आर्य ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ- संतोष कुमार शर्मा ने किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वनस्पति विभाग के प्रो- सुधाकर रावब प्रो- सुनील कुमार शर्मा- डॉ- उज़मा चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# बंजर हो रही भूमि, इसे बचाए हम-डा.पटेल



**दलौदा, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** तहसील के आसपास के गांवो में नवभारत फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी के कृषि अधिकारी विनोद पटेल ने किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया।

आज के समय में रासायनिक से जमीन मे उपजाऊक्षमता कई गुना कम होती जा रही है सूक्ष्म पोषक तत्वों की भारी मात्रा में कमी होने के कारण फसलों पर अनावश्यक रोगों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण फसलों पर तरह तरह के केमिकल इस्तेमाल करते आ रहे हैं और उनका असर फसलों पर आता है वहीं इंसान खाते हैं उनका अंश हमारे शरीर में प्रवेश कर शरीर को नुकसान पहुंचाता है जिसको हम आम तौर पर समझ नहीं पाते है जिससे भूमि कडक और बंजर होती जा रही है।फसलों पर जबसे रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशक दवाओं के इस्तेमाल अधिक मात्रा में रासायनिक खाद देने की मजबूरी बनती जा रही है। और बार बार दवाईयों का स्प्रे करना पडता है। जिससे किसानों की जेब पर बोझ बढ़ता जा रहा है रहा है। जिससे खर्चा अधिक मुनाफा कम होता है। इसलिए रासायनिक खेती छोड़कर जैविक खेती अपनाना चाहिए। इसके साथ ही उपस्थित किसानों को जैविक खेती किस प्रकार करे और किस तरह जैविक प्रोडक्ट का प्रयोग करना है, उक्त आशय की जानकारी दी गई।

# शिशु मंदिर की बहिनों ने कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**मंदसौर, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** गुरूवार को खेल दिवस के अवसर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता जिसमे सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर की बहनों की टीम ने उसी दलौदा महाविद्यालय की टीम को फाइनल में हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिछले वर्ष आयोजित विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता जो की दलौदा महाविद्यालय में आयोजित हुई थी तब दलौदा महाविद्यालय की टीम ने केशव नगर की टीम को फाइनल में हरा कर प्रथम स्थान पर रही थी और केशव नगर दितीय स्थान पर। यह एक बहुत गर्व का पल है और बहनों के लिए यह एक बहुत बडी उपलब्धि है साथ ही भैया की टीम ने उत्कृष्टप्रदर्शन कर सेमी फाइनल तक अपना खेल दिखाया। सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर मंदसौर की कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई! टीम के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और संघर्ष से यह उपलब्धि हासिल की है और हमें उन पर गर्व है।

## बड़वाले बावजी पर श्री मद भागवत कथा का सातवां दिन....

# बड़वाले बाबा मेरी बिगड़ी बना दे-भजन संध्या का आयोजन

**मल्हारगढ़, 29 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** श्री मद भागवत कथा के आज सातवे दिन पं प्रदीप कृष्ण जी शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण के 16000 विवाह की कथा सुनाई। कथा विराम के दिन हवन किया गया और पूर्णाहुति दी गई। कथा के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। कथा के बाद बड़वाले बावजी से मल्हारगढ देवरा चौक तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भक्त नृत्य करते शोभायात्रा में चल रहे थे।इस अवसर पर बड़वाले बावजी के मुख्य सेवादार राजुपुरी गोस्वामी, घीसापुरी गोस्वामी, विष्णु भारती, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, अनिल यति, नगर भाजपा अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, विजय राठौर, भंवरलाल तेलकार, मेघराज गेहलोद, दरबारसिंह कुम्हारी, गणपतसिंह बापू कुम्हारी, प्रमेश सोनावत, तेजराम पाटीदार, बालमुकुंद सांखला, राजेंद्र राठौर, राज गुरु तंवर, मंगल लोहार, दिलीप तिवारी, सोहन भर्ती, गोपाल भारती, सोनू गंधर्व, मनोज प्रजापति, महेंद्र आचार्य, विकास वर्मा, दशरथ पाटीदार, गोरधन केशरिया, विनोद गंधर्व, पंकज आर्य, हरीश केशरिया, हेमंत लोहार, राहुल राठौर, विकास प्रजापति, राहुल लोहार, राघव गोस्वामी सहित इस दौरान बडी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।



**बावजी के स्थान पर भजन संध्या का आयोजन-**श्री बड़वाले बावजी के स्थान पर चल रही सैट दिवसीय श्री मद भागवत कथा के छटवे दिन रात्रि में गंधर्व परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मल्हारगढ के गायक कलाकार विनोद गंधर्व ने अपनी जादुई आवाज में लगन तुमसे लगा बैठे, भजन प्रवाहक रामू भैया ने कैसे पाउली, भेरू जी नाना नाना, भजन प्रवाहक जीतू धोरा ने मेरी आँख थक गई है तेरा इंतजार करके तू कहा जा चुका है मुझे बेकरार करके, ओरी सखी मंगल गाओ रे, मेरी विनती यही राधा रानी कृपा बरसाए रखना मुझे तेरा ही सहारा राधा रानी कृपा बरसाए रखना, सांवरिया सेठ देदे मण्डफिया रे मालिक देदे, तेरे बिन नही जीना मर जाना संवारा, मूंछां की मरोड़ एसो रूप निरालो, बांस की बंसुरिया बड़ो इतरावे, भजन प्रवाहक नवीन गंधर्व ने बड़वाले बाबा मेरी बिगड़ी बनादे, कारा पण बड़ा रूपारा मारा चारभुजा रा नाथ, सांवरिया सेठ देदे थारे भरियो भंडार टोटो न पडे है, कीजो केशरी लाल मेरा छोटा सा कई काम, वीर हनुमाना ओ राम राम रसियो प्रभु मन बसियो रे, दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे से आखडी चुराकर बाबा जासी कटे मेरे से भजनों को गाकर भक्तो को भाव विभोर कर दिया, भक्तो ने भी भजनों पर नृत्य किया। इस अवसर पर बड़वाले बावजी के मुख्य सेवादार राजुपुरी गोस्वामी, शांतिलाल गंधर्व, पत्रकार गोपाल मालेचा, राजेन्द्र गंधर्व, पत्रकार दरबारसिंह कुम्हारी गणपतसिंह बापू कुम्हारी, प्रमेश सोनावत, तेजराम पाटीदार, गणपतसिंह बापू, बालमुकुंद सांखला, राजेंद्र राठौर, राज गुरु तंवर, मंगल लोहार, दिलीप तिवारी, सोहन भर्ती, गोपाल भारती, सोनू गंधर्व, महेंद्र आचार्य, किशोर माली, विकास वर्मा, दशरथ पाटीदार, गोरधन केशरिया, विनोद गंधर्व, पंकज आर्य, हरीश केशरिया, हेमंत लोहार, राहुल राठौर, विकास प्रजापति, राहुल लोहार, राघव गोस्वामी सहित कई भक्त भक्त एवं सेवादार उपस्थित थे।

## बस अब बहुत हुआ

होते यौन अपराध
एक ही तरीका
भूलते रहे हम पर
सबक नहीं सीखा।
महिलाओं बच्चियों
के सवालों का दर्द
जवाब दे समाज
गुनाह के हमदर्द।
निर्भया के दर्द की
हो गई अब इंतहा
देश मांग रहा दुआ
बस अब बहुत हुआ।



**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 24 | 2501 | 2700 |
| उडद | 6 | 4000 | 4102 |
| सोयाबीन | 4900 | 3880 | 4600 |
| गैहु | 4300 | 2550 | 3300 |
| चना | 163 | 6110 | 7360 |
| मसुर | 302 | 5226 | 5884 |
| धनिया | 600 | 5200 | 6800 |
| लहसुन | 11900 | 10100 | 25000 |
| मैथी | 800 | 4947 | 6151 |
| अलसी | 1580 | 5451 | 6001 |
| सरसो | 315 | 5280 | 5561 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 105 | 9600 | 12610 |
| प्याज | 2100 | 800 | 3506 |
| कलोंजी | 20 | 8801 | 18899 |
| डॉलर | 32 | 9400 | 12201 |
| तिल्ली | 120 | 9590 | 12500 |
| मटरसुखी | 2 | 3400 | 6767 |
| असालीया | 10 | 8953 | 10700 |

दिनांक 30 अगस्त 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
सूर्य ग्रह के उपाय...



✻ यदि आपकी जन्मकुंडली या गोचर में सूर्य अशुभ हो तो प्रात: उगते सूरज को अर्घ्य दें। प्रतिदिन सूरज निकलने के बाद प्रथम प्रहर में कम-से-कम 7 बार सूर्य नमस्कार करें। इससे आपको सूर्य संबंधित शुभ फल मिलने प्रारम्भ हो जाएंगे।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

# कलेक्टर कार्यालय के वाहन सहित सामग्री कुर्क

## तत्कालीन एसडीएम अर्जुन सिंह ठाकुर के सरकारी वाहन की टक्कर से हुई थी दो लोगो की मौत, वाहन का नहीं था बीमा

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर कलेक्टरेट के 17 एयर कंडीशनर, 70 पंखे, 12 आलमारी, मल्टीप्रिंटर, टेबल कुर्सी और वाहन एमपी 02 आरडी 1408 को न्यायालय के आदेश से कुर्क कर लिया गया है। न्यायालय के आदेश पर एडीएम एकता जायसवाल, प्रभारी अतिरिक्त एडीएम देव कुंवर सोलंकी एवं कलेक्टर नाजिर की उपस्थिति मे कुर्की की कार्यवाही हुई।

प्रशासन आम जनता से हेलमेट, लाइसेंस, गाड़ी के बीमा की अपेक्षा हमेशा रखता है। लेकिन प्रशासन स्वयं नियमों का पालन नहीं करता है? पूर्व मे एसडीएम रहे अर्जुन सिंह ठाकुर के वाहन का बीमा नहीं था। उस वाहन से रोड किनारे खड़े सुनील कुमार अहीर और निर्मल कुमार कामलिया को बरडिया अमरा मे टक्कर लगी और दोनों मौके पर ही मृतक हो गए थे। अब उनको मुआवजे के रूप मे न्यायालय ने कुर्की का आदेश दिया है। तत्कालीन एसडीएम अर्जुन सिंह ठाकुर के शासकिय वाहन एमपी 02 आरडी 1406 से बरडिया अमरा मे रोड किनारे खडे सुनील कुमार अहीर और निर्मल कुमार कामलिया के ऊपर गाडी चढ गई थी। टक्कर इतनी खतरनाक थीं की दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक तहसील रामगजमंडी जिला कोटा निवासी थे। यह दुर्घटना 11 अक्टूबर 2013 को हुई थी। सरकारी वाहन के चालक रामगोपाल भट्ट गाडी चला रहे थे। गरोठ न्यायालय मे दुर्घटना अधिनियम अनुसार क्षतिपूर्ति आवेदन प्रस्तुत हुआ था। जिसमे 05 अगस्त 2016 को अवार्ड पारीत किया गया था, जिसमे शासन द्वारा अवार्ड राशि की अदायगी नहीं करने पर मध्यप्रदेश शासन मुख्य सचिव भोपाल, सचिव राजस्व विभाग भोपाल, कलेक्टर मन्दसौर और अनुविभागीय अधिकारी गरोठ की चल अचल सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश दिया गया, जिसमे दोनों मृतको की क्षतिपूर्ति राशी मयब्याज सहित 50 लाख 23 हजार 800 रुपये है। इसी राशि की पूर्ति के चलते मन्दसौर कलेक्टरेट से कुर्की कर एक चार पहिया वाहन सहित 70 पंखे, 17 ऐसी, 12 आलमारी, मल्टी प्रिंटर को कुर्क किया गया है। उक्त जानकारी मामले को न्यायालय मे लड रहे अधिवक्ता पंकज वेद द्वारा दी गई।

## खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने की घोषणा.....

# मप्र में खेलो-बढ़ो अभियान जल्द लांच होगा

**भोपाल, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल दिवस पर मध्यप्रदेश में जल्द 'खेलो-बढ़ो' अभियान लांच करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने यह बात तात्या टोपे स्टेडियम में खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। भारत को जब भी ओलिंपिक की मेजबानी मिलेगी मप्र तीन खेलों की मेजबानी का दावा करेगा।

**पंचायत स्तर तक खेल संरचनाएं होगी विकसित**–मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हर गांव-शहर में खेल हो और खेल प्रतिभाएं आगे आये। इसके लिये हर पंचायत स्तर पर खेल संरचनाएं विकसित होगी। यही नहीं प्रयास होगा कि युवा उस खेल मैदान तक पहुंचे, इस दिशा में भी कार्य किया जायेगा।



**टेलेन्ट सर्च पर होगा काम**–मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सरकार खेल की अधोसंरचना और खिलाड़ियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। आशा है कि खिलाड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। खेल मैदान से युवाओं को जोड़ने से खेल प्रतिभा निखरेगी। इस टेलेन्ट सर्च से खिलाड़ियों की संख्या में लगभग दोगुना इजाफा होगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित किया जायेगा।

**शासकीय नौकरी होगी उपलब्ध**–मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खिलाड़ियों की भविष्य की चिंता पर भी सरकार काम कर रही है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की हर प्रकार की समस्या के निराकरण के प्रयास जारी है। खेल प्रतिभाओं को शासकीय नौकरी भी उपलब्ध करवाई जायेगी।

**खेल अकादमियों का विस्तार**–मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में खेल अकादमियों का भी विस्तार किया जायेगा। खेल एसोसिएशन और फेडरेशन सहित खेल गतिविधियों से जुडे सभी क्लब आदि मिलकर काम करें। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारा प्रयास है कि अगले छः माह में हर घर, मोहल्ले में खेल और खिलाड़ियों की प्रतिभाओं पर चर्चा हो।

**एनआइएस पटियाला की ब्रांच भोपाल में खुलेगी**–मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रयास है कि साई ट्रेनिंग सेंटर पटियाला की एक ब्रांच भोपाल में खुले। यहां खेल संबंधी स्पर्धा और ट्रेनिंग हासिल कर डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी खिलाड़ियों को मिल सकेगा।

**ओलिंपिक की मेजबानी**–मंत्री ने कहा कि प्रयास है कि भारत में जब भी ओलिंपिक हो तो मध्यप्रदेश कम से कम 3 खेल की मेजबानी करे। इसके लिये भी अभी से इस दिशा में काम किया जायेगा। केंद्रीय खेलमंत्री से इस बारे में चर्चा हुई थी। भोपाल शूटिंग और वाटर स्पोर्टस के लिए आदर्श है।

**डोप टेस्टिंग सेमीनार**–मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश डोप टेस्टिंग पर भी एक वृहद सेमीनार आयोजित करने जा रहा है, इसमें पूरे देश से विषय विशेषज्ञ आकर चर्चा करेंगे। क्रिकेट जैसे महत्वपूर्ण खेल पर भी मध्यप्रदेश काम करेगा। मध्यप्रदेश में खेल विभाग के माध्यम से क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खेल उन्नयन के लिये हर कदम पर नवाचार किया है। खेल और खिलाड़ियों की सुविधाओं का हर स्तर पर ध्यान रखा है। इससे मध्यप्रदेश खेल के मामले में उत्कृष्टस्थान हासिल कर रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल संघ के विवाद से खिलाड़ियों और खेल को हो रहे नुकसान पर नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल के गठन का सुझाव दिया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री ने सुझाव को गंभीरता से लेते हुए ट्रिब्यूनल के गठन का आश्वासन दिया। वर्तमान में भी कई खेल संघों में विवाद की स्थिति है जिसके कारण भारी संख्या में प्रतिभावान खिलाड़ियों का नुकसान हो रहा है। यदि नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल का गठन होता है, तो यह भारत के खिलाड़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल होगी। नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल के गठन से निश्चित ही भारतीय खेलों को नई दिशा मिलेगी।

**युवा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत हो**–मंत्री श्री सारंग ने कहा कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती लिये खेल से जुड़ना होगा। इसी से देश भी सशक्त होगा। युवाओं में खेल की दक्षता हो और खेल भावना तीव्र हो। साथ ही सच्चे और अच्छे नागरिक जरूर बने।

**खिलाड़ी बहनों ने बांधी राखी**–मंत्री श्री सारंग को कार्यक्रम में खिलाड़ी बहनों ने रक्षा सूत्र भी बांधे। उनसे स्कूली बच्चे भी मिले। मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों और कोच ने भेंट कर उनकी हौसला अफजाई की। इस मौके पर संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता और संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव भी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस मंदसौर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के खेल विभाग द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी और एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी राजू कुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जिले के अलग अलग स्कूल और कॉलेजों से 8 पुरुष और 5 महिला कबड्डी टीम और एथलेटिक्स के 1500मीं, 800मीं, गोला फेंक, लॉन्ग जंप के 4 विधाओं में कुल 200 महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी, प्राचार्य डॉ डी सी गुप्ता, वरिष्ठपार्षद आशीष जी गौड़, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कॉलेज के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के पश्चात सभी विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा टीशर्ट और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।कबड्डी महिला वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर, केशव नगर और पुरुष वर्ग में पीजी कॉलेज मंदसौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आजाद सिंह सोलंकी और अब्दुल रज़ाक ने रेफरी की भूमिका निभाई।

**राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कबड्डी और एथलेटिक्स खेलों का हुआ आयोजन**–राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के खेल विभाग द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी और एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी श्री राजू कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के अलग अलग स्कूल और कॉलेजों से 8 पुरुष और 5 महिला कबड्डी टीम और एथलेटिक्स के 1500मीं, 800मीं, गोला फेंक, लॉन्ग जंप के 4 विधाओं में कुल 200 महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेशचंदवानी, प्राचार्य डॉ डी सी गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद श्री आशीष गौड़, जिला खेल अधिकारीश्री विजेंद्र देवड़ा, एथलेटिक्स कोचश्री मुकेश भटेवरा, कॉलेज केप्राध्यापकगण उपस्थित रहे।अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम के पश्चात सभी विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा टीशर्ट और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।कबड्डी महिला वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर, केशव नगर और पुरुष वर्ग में पीजी कॉलेज मंदसौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आजाद सिंह सोलंकी और अब्दुल रज़ाक ने रेफरी की भूमिका निभाई।

# सदस्यता अभियान को लेकर दलौदा मंडल के 7 शक्ति केंद्र और 3 शहरी केंद्रों की बैठक संपन्न

**दलौदा, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देशभर में चलाए जा रहे संगठन पर्व 2024 को लेकर सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा जिला मंदसौर के दलौदा मंडल के 7 शक्ति केंद्र एवम 3 शहरी केंद्रो की बैठक संपन्न हुई मंडल सदस्यता अभियान के सह प्रभारी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्री हेमंत धनोतिया ने बताया की भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया के निर्देश पर भाजपा दलौदा मंडल अध्यक्ष श्री विकास सुराना के नेतृत्व में मंडल बैठक की रचना अनुसार 28 ओर 29 अगस्त को मंडल के समस्त शक्ति केंद्र एवम शहरी केंद्रो पर बैठकों का आयोजन होना था जो की मंडल के 7 शक्ति केंद्र और 3 शहरी केंद्र पर बैठके आयोजित हुई शक्ति केंद्रो की बैठकों में भाजपा मंडल के द्वारा बनाए गए विस्तारक एवम टोली ने बैठक ली साथ ही 31 अगस्त को प्रत्येक बूथ पर बैठकों के आयोजन करने सहित प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक भाजपा के सदस्य बने ऐसे विचार व्यक्त किए शक्ति केंद्र की बैठक नगरी शहरी केंद्र 1 पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सुराना, सेमलिया हीरा में भाजपा जिला महामंत्री श्री गणपत सिंह आंजना एवम सदस्यता अभियान सह प्रभारी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हेमंत धनोतिया, हार्दिक जैन, कचनारा शक्ति के लसूदिया इला में विस्तारक श्री चंद्रशेखर मंडलोई, सदस्यता अभियान प्रभारी फतेहसिंह आंजना, घनश्याम बग्गड करजू शक्ति केंद्र की बैठक गरोडा में भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना, विस्तारक जीवन रातडिया, हेमंत धनोतिया, घनश्याम बग्गड, निंबोद शक्ति केंद्र की बैठक दलौदा सगरा में विस्तारक भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री श्री सुमित सेन, फतेहसिंह आंजना, भावगड़ शक्ति केंद्र की बैठक भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर लाल पाटीदार, बेहपुर शक्ति केंद्र की बैठक विस्तारक किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भवानी प्रताप सिंह सिसोदिया, घनश्याम बग्गड, दलौदा रेल शक्ति केंद्र की बैठक दलौदा में हुई जिसमे भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विस्तारक श्री रमेश धाकड़, फतेहसिंह आंजना, हेमंत धनोतिया शहरी केंद्र 1,2 में विजय तातेड, सौरभ राठी ने बैठक ली बैठक में प्रत्येक बूथ पर 300 सदस्य बने इसकी रचना बनाई। इस अवसर पर प्रत्येक बैठक में शक्ति केंद्र की टोली, बुथ अध्यक्ष बूथ टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पहली रोटी गौमाता के नाम अभियान की शुरुआत, नगर में भ्रमण कर रोटी जुटाएगा नप का वाहन

**पिपलियामंडी, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद द्वारा अयोध्याबस्ती स्थित गौ उपचार केंद्र सहित क्षेत्र की गौशाला के लिए पहली रोटी गौमाता के नाम अभियान की एक पहल की शुरुआत की गई। इसमें गौ उपचार केंद्र पर उपचारित गोवंश सहित आसपास क्षेत्र की गौशाला की गौमाता के लिये प्रतिदिन एक वाहन से नगर में हर घर जाकर के गौमाता के लिये खाने के लिए अन्न, चारा इकट्ठा करेगा।



वाहन को नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गयों मंडल अध्यक्ष सामंत सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती प्रवीणा गुप्ता, सभापतिगण पार्षदगण के सहयोग से पहली रोटी गौमाता के नाम अभियान की शुरुआत की गई जिसमें एक इलेक्ट्रॉनिक वाहन को प्रतिदिन नगर के विभिन्न वार्डो, गलियों, मोहल्लो सहित नगर के मुख्य मार्गो की होटलो पर भ्रमण कर गौ माता के लिए खाना जुटायेंगे और गौशाला भिजवाएंगे, श्रीमती देवरिया ने नगर की जनता से अपील की है कि पहली रोटी गौमाता के नाम अभियान में रोटी, दाना, फल सब्जी, भूसा, खाद्य पदार्थ, गुड़, हरा चारा दान करके गौ सेवा कर सकते है। नगरवासियों, वरिष्ठजनो, गोभक्तों और हमारे परिषद के उपाध्यक्ष समस्त सभापतिगण पार्षदगण के सहयोग से पहली रोटी गौमाता के नाम अभियान की शुरुआत की गई जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वाहन को प्रतिदिन नगर में भ्रमण कर गौ माता के लिए खाना जुटायेंगे और गौशाला भिजवाएंगे, श्रीमती देवरिया ने नगर की जनता से अपील की है कि पहली रोटी गौमाता के नाम अभियान में रोटी, दाना, फल सब्जी, भूसा, खाद्य पदार्थ, गुड़, हरा चारा दान करके गौ सेवा कर सकते है।

# दो युवकों से 60 ग्राम एमडीएमए जप्त

**रतलाम, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रिंगनोद पुलिस ने महू-नीमच हाईवे स्थित माननखेड़ा पुलिस चौकी के सामने से इंदौर जिले के दो युवकों को कार से मादक पदार्थ की तस्करी करते गिरफ्तार किया है। आरोपियों युवकों के पास से 60 ग्राम एमडीएमए (3-4 मेथिलेंडिआक्सीमेथैम्टाफेटामाइन) जब्त की गई है। आरोपित एमडी कहां से लाए थे तथा किसे देने ले जा रहे थे, यह उन्होंने नहीं बताया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार सूचना पर अरोपितों को पकड़ने के लिए एएसपी राकेश खाखा व जावरा एसडीओपी शक्तिसिंह चौहान के मार्गदर्शन व रिंगनोद थाना प्रभारी हरीश जेजुरकर के नेतृत्व में टीम गठिन की गई। टीम ने महू-नीमच हाईवे पर माननखेडा चौकी के सामने नाकाबंदी की। कुछ देर बाद कार चालक आरोपित 42 वर्षीय जियाउद्दीन पुत्र मोहम्मद आमीन निवासी ग्राम पीपलखूंटा थाना बड़गोंदा जिला इंदौर तथा 31 वर्षीय शाकिर पटेल पुत्र अमहद नूर पटेल निवासी ग्राम नयाखेड़ा थाना गौतमपुरा जिला इंदौर आते दिखे। घेराबंदी कर कार को रुकवाकर तलाशी ली गई तो कार में पारदर्शी थैली में 60 ग्राम एमडी पाई गई। कार व एमडी जब्त कर आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।टीम में एएसआइ सगीर थान, प्रधान आरक्षक कुलदीपसिंह आदि शामिल थे।

**तीन दिन के पुलिस रिमांड पर**–रिंगनोद थाना प्रभारी हरीश जेजुरकर के अनुसार आरोपित शाकिर पटेल के खिलाफ हत्या, अवैध हथियार आदि के 12 तथा जियाउद्दीन के खिलाफ चोरी व पशुक्रूरता अधिनियम के तहत दो प्रकरण दर्ज है। आरोपितों को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों को एक सितंबर तक पुलिस रिमांड पर रखने के आदेश दिए है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है कि वे एमडी कहां से लेकर आए है।

# गौशालाएं प्रति पशु एक हजार रूपये का शुल्क लेगी

**नीमच, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगरीय निकायों व्दारा सडकों पर से आवारा मवेशियों को हटाकर गौशाला में छोडने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री महेन्द्रा वशिष्ठने बताया कि न.पा.व्दारा विभिन्न स्थानों से पशुओं को हटाकर वाहनों से गौशालाओं में छोडा जा रहा है। गौशालाओं के व्दारा संबंधित पशुपालकों से प्रथम बार एक हजार रूपये प्रतिपशु तथा दूसरी बार दो हजार रूपये प्रति पशु शुल्क लिया जावेगा। श्री वशिष्ठने पशुपालकों से आगृह किया है, कि वे अपने पशुओं को सडकों पर ना छोडे अन्यथा न.पा.की टीम व्दारा सडकों पर पाये गये पशुओं को गौशालाओं में भेजा जाएगा। जहां से प्रति पशु एक हजार रूपये का शुल्क लेकर ही पशुओं को छोडा जाएगा।


## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक क्यू मंदसौर, दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 सीसी 3014 जो कि परिवहन कार्यालय में रमेशचंद्र सुरावत पिता चुनीलालजी निवासी झारड़ा, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती मोहनबाई सुरावत पति रमेशचंद्र सुरावत निवासी झारड़ा, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**




# सभी नगरीय निकाय सोलर प्लांट प्रोजेक्ट को भी डीपीआर में शामिल करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अटल मिशन फार रिज्यूविनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफार्मेश (अमृत 2.0) के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान अमृत 2.0 योजनंतर्गत सभी नगर परिषद के सीवर प्रोजेक्ट की समीक्षा की गयी। साथ ही वाटर बॉडी रिज्यूविनेशन प्रोजेक्ट एवं स्वच्छ भारत मिशन, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी नगरीय निकाय अपने प्रोजेक्ट में सोलर ऊर्जा के कार्यों कों भी जोड़ें तथा इस पर कार्य करें। बैठक के दौरान मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सभी निकायों के जनप्रतिनिधि, सभी सीएमओ मौजूद थे।

# वित्तीय साक्षरता ऑनलाइन कार्यक्रम कल

**पिपलियामंडी, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रत्येक व्यक्ति जीवनयापन के लिये अथक कार्य करके जो धन कमाता है, उसके बचत भाग को यदि सही ढंग से निवेश करे तो उसका भविष्य सुखद हो सकता है, इसके लिये वित्तीय साक्षरता होना बहुत आवश्यक है। उक्त उदेश्य से शासकीय महाविद्यालय पिपलिया में 31 अगस्त को दोपहर 2 बजे वित्तीय साक्षरता का ऑनलाईन कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें विद्यार्थी अपनी बचत को सही ढंग से निवेश करना सीखेगे तथा वे वित्तीय साक्षरता के क्षेत्र में अपने कॅरियर को दिशा दे सकते है। महाविद्यालय प्राचार्य आरके श्रीवास्तव ने बताया भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# छः दुकानों से एप्पल के नमूने लिए

**मनासा, 29 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत आज दिनांक 29.08.24 को मनासा शहर में एप्पल में कलर एवम केमिकल की शिकायत एवम वीडियो फोटो की जानकारी मिलने पर कोर्ट गेट के सामने इमरान फ्रूट विक्रेता, जाकिर फ्रूट विक्रेता होटल गणपत के सामने मनासा, न्यू बालाजी फ्रूट मर्चेंट सब्जी मंडी के सामने मनासा, बालाजी फ्रूट मर्चेंट, सब्जी मंडी मनासा, मंगलम फ्रूट बसेर जी का बाड़ा मनासा का निरीक्षण किया गया एवम प्राथमिक निरीक्षण करने पर एप्पल में मिलाए गए कलर एवम केमिकल की पुष्टि नहीं हुई, कलर एवम केमिकल जांच हेतु इनसे कुल 6 नमूने एप्पल के जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला इंदौर को भेजे जायेंगे इस तरह की जांच निरंतर जारी रहेगी।




## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
## नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.JR-48 श्री प्रेमानंद दुबे पिता स्व.श्री रामचन्द्र दुबे को मंडल आदेश क्रमांक 4988 दिनांक 27.09.2004 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02.12.2004 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री प्रेमानंद दुबे पिता स्व. श्री रामचन्द्र दुबे द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री मोहनलाल चौहान पिता श्री बाबूलाल चौहान को कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 05.08.2022 को पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रयपत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री मोहनलाल चौहान पिता श्री बाबूलाल चौहान अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री मोहनलाल चौहान पिता श्री बाबूलाल चौहान के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
## नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.A-121 श्री पूरनमल लालवानी पिता श्री नारायणदास लालवानी को मण्डल आदेश क्रमांक 9138 दिनांक 16.07.1982 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 25.10.1996 तथा लीज नवीनीकरण दिनांक 24.10.2019 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। श्री पूरनमल लालवानी पिता श्री नारायणदास लालवानी का स्वर्गवास दिनांक 16.04.2023 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती मोहिनीदेवी पति स्व. श्री पुरनमल लालवानी अपने दो पुत्रो श्री सुनील लालवानी पिता स्व. श्री पुरनमल लालवानी एवं श्री अनिल लालवानी पिता स्व. श्री पुरनमल लालवानी की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती मोहिनीदेवी पति स्व. श्री पुरनमल लालवानी अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्रीमती मोहिनीदेवी पति स्व. श्री पुरनमल लालवानी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
## नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटीयानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.I-343 श्रीमती सम्पतबाई धनगर पति स्व.श्री भेरुलाल धनगर को मण्डल आदेश क्रमांक 263 दिनांक 16.02.1993 द्वारा आवंटित किया गया था। भवन का विक्रयविलेख दिनांक 07.10.1993 उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्रीमती सम्पतबाई धनगर पति स्व. श्री भेरुलाल धनगर द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती पूजा गुप्ता पति श्री राकेश गुप्ता को कर विक्रय पत्र दिनांक 17.10.2019 को पंजीबद्ध करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती पूजा गुप्ता पति श्री राकेश गुप्ता अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/ उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामांतरण श्रीमती पूजा गुप्ता पति श्री राकेश गुप्ता के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in